संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र चेतना –पृष्ठ ..5.... दिनांक..10.......2021

# सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने हेतु नागरिक स्वच्छता एप का उपयोग करें

रतलाम । रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी।

## शहर विकास के लिए दिए सुझाव

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर शहर विकास के लिए अगले पांच साल का प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खंडेलवाल ने आवश्यक सुझाव दिए हैं। उन्होंने बताया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने, पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने, ज्यादातर नालियां जीर्ण-शीर्ण होने से सफाई व्यवस्था बिगड़ रही है। नालियों की उचित व्यवस्था के अभाव में सड़क पर गंदा पानी फैला रहता है। खंडेलवाल ने नगर विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर, निगम आयुक्त को भी वाट्सएप संदेश के माध्यम से जनशक्ति के सुझावों से अवगत कराया है।

## नियमित सफाई को प्राथमिकता दी जाए– खण्डेलवाल

रतलाम ● नालियों के व्यवस्थित एवं मानक स्तर के अनुरूप निर्माण तथा नियमित सफाई के बिना नगर की स्वच्छता एवं विकास का कोई अर्थ नहीं अतः अगले 5 वर्ष के प्लान में पानी के सही निकास हेतु नालियों के निर्माण ,उनके रखरखाव एवं नियमित सफाई को प्राथमिकता दी जाए।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा कलेक्टर गोपालचंद्र डाड एवं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर नगर के विकास हेतु अगले 5 साल का प्लान बनाने हेतु निर्देश दिए है । इस संदर्भ मे जनशक्ति संयोजक राधावल्लभ खण्डेलवाल ने सुझाव दिया है कि नगर मे चारों तरफ गंदगी,टूटी-फूटी सड़कों का सबसे बड़ा कारण है, पानी का सही निकास नहीं,नालियों की नियमित सफाई नहीं होती, यदाकदा सफाई होती भी है तो आधी अधूरी। अधिकांश नालियां जीर्णशीर्ण हो रही है,कचरा भरा रहता है नालियां जाम होने से पानी सड़क पर बहता है। नगर के मुख्य मार्गों पर ही अनेक जगह नालियां नहीं है। श्री खण्डेलवाल ने बताया की नालियों की उचित व्यवस्था के अभाव में सड़क पर गंदा पानी आ जाता है। संपूर्ण नगर में सड़क के दोनों ओर एवं मकानों के आगे पीछे नालियों का सही तरीके से निर्माण किया जाए,उनके रखरखाव एवं नियमित सफाई की व्यवस्था का प्रबंध किया जाए। इस सन्दर्भ में श्री खंडेलवाल ने विधायक चैतन्य काश्यप, जिलाधिकारी गोपालचन्द डाड, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को भी वॉट्सएप सन्देश के माध्यम से जनशक्ति के सुझावों से अवगत कराया गया है।

10-1-2021


# हालात: चंद दिनों में टूटने लगे कालिका माता बगीचे में लगे चकरी-झूले

पत्रिका न्यूज पंच

10-2-21







## बच्चों की खेल सामग्री के घटिया होने के लगने लगे आरोप

रतलाम. शहर के कालिका माता परिसर स्थित बगीचे में हाल ही में लगाई गई बच्चों की खेल सामग्री अभी से टूटने लगी है। बगीचे में लगी कुछ खेल सामग्री पूरी तरह से टूट चुकी है तो वहीं लोगों के बैठने के लिए यहां पर लगाई गई बेंचें भी अब जवाब दे रही है। खेल सामग्री को टूटता हुआ देख यहां घूमने आने वाले लोग अब इसे घटिया सामग्री करार दे रहे हैं जिसके चलते चंद दिनों में ही इनकी यह हालत हो गई है।

बगीचे को सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के द्वारा यहां पर बच्चों के लिए खेल सामग्री लगाए जाने के साथ ही अन्य लोगों के बैठने के लिए यहां पर सुंदर नजर आने वाली बेंच लगाई गई थी जिनके पटिये अभी से खुलने लग गए तो खेल सामग्री टूटकर एक तरफ रखी नजर आ रही है। इनकी गुणवत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यह नीचे से ही टूट कर अलग हो गई है।

# स्वच्छंद विचरण करने वाले 533 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 8 जनवरी तक 533 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 8 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 533 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 8 जनवरी को इन्द्रलोक नगर मार्निंग स्टार स्कूल, काटजू नगर, कस्तुरबा नगर, जवाहर नगर, गांधी नगर से 6 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है। शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नही तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हे तोड़ा जाकर राशि वसूल की जायेगी।

नगर निगम एक्ट की धारा 358 के तहत कोई भी व्यक्ति जो कि अपना घोड़ा या अन्य किसी भी पशु को अपनी इच्छा से खुला छोड़ेगा व उससे किसी व्यक्ति या संपति को नुकसान पहुंचता है तो पालक पर 500 रूपये का अर्थदण्ड किये जाने का प्रावधान है। निगम एक्ट के तहत अब स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशी पालकों के घर जाकर निगम दस्ता अर्थदण्ड राशि रूपये 500/- वसूल करेगा।

स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत डाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नई दुनिया --पृष्ठ 13 ...दिनांक 10-1 ...2021

# वार्ड 29 में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ

**रतलाम।** शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से वार्ड 29 में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। प्रताप नगर में सीमेंट कांक्रीट सड़क शिव मंदिर बगीचे के चारों तरफ, एक्सटेंशन बगीचे से मेन रोड तक बनेगी। इस पर निगम निधि के 25 लाख के लगभग खर्च होंगे। इसके निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा, संघ के विभाग सह व्यवस्था प्रमुख वीरेंद्र वाफगावकर, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, पार्षद सुशीला परमार ने किया। इस दौरान मुबारिक शेरानी, नितेश सोनी, वार्ड संयोजक राधेश्याम मारू, प्रताप नगर अध्यक्ष विवेक कपूर, गोविंद उपाध्याय, बंटी, परमानंद योगी, दिनेश सोलंकी, राजेंद्र, नरेश चौरासी, रवींद्र पाठक, गिरीश जोशी, यतेंद्रसिंह, बलराम शर्मा, पीरसिंह, दीपक सेठिया आदि मौजूद थे। आभार कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के महामंत्री राकेश परमार ने माना।



सड़क निर्माण के लिए पूजन करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा। • नईदुनिया

10-1-2021

इससे पहले वार्ड 29 में आनंद कॉलोनी की डामरीकृत सड़क के निर्माण का शुभारंभ हुआ। इस पर छह लाख रुपये खर्च होंगे। इस अवसर पर यंत्र पूजन मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, पूर्व पार्षद सुशीला परमार, उपाध्यक्ष भूपेंद्र कावड़िया, मुबारिक खान, मीडिया प्रभारी नितेश सोनी, कोषाध्यक्ष विपिन श्रीमाल, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम मारू,, महामंत्री नीरज परमार, संजय पंवार, मोहम्मद जावेद, कॉलोनी के वरिष्ठ शाहिद मीर, डॉ. प्रताप, सुहास चितले, केदार पठान, सुनील राव, ठेकेदार बलवीर राठौड़ द्वारा किया गया। आभार मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया।

# आनंद कॉलोनी में सड़क का डामरीकरण शुरू

राज 10-1-2021

रतलाम। आनन्द कालोनी सड़क के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ डॉ.श्यामाप्रसाद-मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा ने पूर्व पार्षद श्रीमती सुशीला परमार व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर पूर्व पार्शद श्रीमती ससीला परमार ने बताया कि आनन्द कालोनी सड़क के डामरीकरण का कार्य 6 लाख की लागत से किया जा रहा है कार्य पुरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। डामरीकरण कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती परमार व क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप का आभार



माना। इस अवसर पर भूपेन्द्र कावड़िया, मुबारिक खान, नितेश सोनी, विपिन श्रीमाल, राधेश्या ममारू, नीरज परमार, संजय पवांर आदि मौजूद रहे।

राज एक्सप्रेस

10-1-2021

# 17 को निकलेगी स्वच्छता रैली

भास्कर 13-1-2021

रतलाम | स्वच्छता अभियान में जनसहभागिता बढ़ाने व सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम 17 जनवरी को स्वच्छता रैली निकालेगा। तैयारियों को लेकर मंगलवार दोपहर आयुक्त झारिया ने जिम्मेदारी सौंपी।

रैली में जनप्रतिनिधि, नगर निगम सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाएं, शिक्षक, विद्यार्थी शामिल होंगे। इसके अलावा स्वच्छता यात्रा, निगम की सेवाएं, कर समय पर भुगतान किए जाने का चलित मॉडल, नागरिकों से सिटीजन फीडबैक के संदेश दिए जाएंगे। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, एमके जैन, सत्यप्रकाश आचार्य, एपी सिंह, रामचंद्र शर्मा, प्रमोद तिवारी, शैलेंद्र गोठवाल, बलवंतसिंह राठौर, वासुदेव बैरागी, अंजनी प्रसाद मिश्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

स्वच्छता अभियान • मनमाने रूट पर नहीं चलेगी गाड़ी

# कचरा कलेक्शन वाहनों सहित 142 गाड़ियों पर जीपीएस लगेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम
10-1-2021

दो साल से ड्राइवरों के भरोसे चल रही कचरा कलेक्शन गाड़ियां अब मनमाने रूट पर नहीं चल पाएंगी। निर्धारित मार्ग से हटते उनके लोकेशन कम्प्यूटर पर पता चल जाएगी। कंट्रोल रूम तत्काल ड्राइवरों को अलर्ट कर देगा। यह सब होगा जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) से, जो निगम के 142 वाहनों पर लगना शुरू हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 86 डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्हीकल हैं, जिसमें से 40 में गाड़ियों में सिस्टम लगा दिए गए हैं। निगरानी के लिए सिविक सेंटर में कंट्रोल रूम बनेगा। तीन साल तक रिचार्ज और मॉनिटरिंग सहित देखरेख सिस्टम लगाने वाली भोपाल की ठेकेदार कंपनी को ही करना होगी। निगम का मकसद 100 प्रतिशत कचरा उठाना है ताकि थ्री स्टार रैंटिंग हासिल की जा सके।

## दो साल बाद फिर जीपीएस से निगरानी



कचरा कलेक्शन वाहन में जीपीएस लगाता ठेकेदार कंपनी का कर्मचारी।

बायोमेट्रिक्स हाजिरी लगाना होगी - ड्राइवर और हेल्परों की हाजिरी भी बायोमेट्रिक्स से लगेगी। तीन में से दो बायोमेट्रिक्स मशीन कर्मशाला में, जबकि एक सिविक सेंटर स्थित कंट्रोल रूम में लगेगी। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने बताया अब तक 40 गाड़ियों में जीपीएस लग गए हैं।

## इन गाड़ियों में लगा रहे जीपीएस

- 86 कचरा वाहन
- 2 काम्पैक्टर
- 5 डंपर
- 5 फायर लॉरी
- 1 क्विक रिस्पांस व्हीकल
- 4 जेसीबी
- 1 पोकलेन मशीन
- 2 संक्शन कम जेटिंग मशीन
- 1 पशु वाहन
- 2 लोडिंग कम पैसेंजर
- 7 अफसरों के वाहन
- 1 रोड रोलर
- 7 ट्रैक्टर
- 1 स्वीपिंग मशीन
- 5 लोडिंग
- 12 अन्य वाहन

## कल भोपाल भेजेंगे मुर्गा-मुर्गियों के 20 सैंपल

रतलाम। बर्ड फ्लू की आशंका से जिले में पशु चिकित्सा विभाग की टीम पोल्ट्री फार्मों का निरीक्षण कर मुर्गा-मुर्गियों का सैंपल ले रही है। सोमवार को 20 सैंपल भोपाल भेजे जाएंगे, वहीं मृत कौओं के सैंपल नहीं लिए जा रहे हैं, बल्कि उन्हें जमीन में नीचे गहरे गड्ढों में दफन किया जा रहा है।

विभाग का मानना है कि कौओं में बर्ड फ्लू जैसी कोई बीमारी अभी तक नहीं है और न ही लक्षण मिल रहे हैं। इधर शनिवार को नामली में दो मृत कौए मिलने की सूचना मिली है। अब तक जिले में 34 कौए अलग- अलग क्षेत्रों में मृत मिल चुके हैं। पशु चिकित्सा विभाग के प्रभारी उपसंचालक डॉ. डीके जैन ने बताया कि कौए मृत मिले हैं, लेकिन बर्ड फ्लू नहीं है। पोल्ट्री फार्मों की लगातार निगरानी की जा रही है। 20 सैंपल सोमवार को भोपाल लैब में जांच के लिए भेजे जाएंगे। सभी विकासखंडों टीमें निगरानी कर रही है। लोगों को बीमारी के बारे सतर्क करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

**बर्ड फ्लू का डर** • प्रवासी पक्षी की भी मौत, सांवलिया रुंडी में मिला मरा कौआ

# चार दिन में 41 पक्षियों की मौत, फिर भी तय नहीं कर पाए बर्ड फ्लू है या नहीं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

10-1-2021

जिले में 4 दिन में 41 पक्षियों की मौत हो चुकी है। पक्षियों की मौत का सिलसिला जारी है और जिले से अब तक पांच मौत हालांकि, अब तक यह तय नहीं हो सका है कि, जिले में बर्ड फ्लू है भी या नहीं। इधर... चिंता की बात यह है कि शनिवार को मलवासा में एक प्रवासी पक्षी ने भी दम तोड़ दिया है। वहीं, शहर के बीच भी एक कौवा मृत अवस्था में मिला।

6 जनवरी को आलोट में 12 कौओं की मौत का मामला सामने आया था। इधर, शनिवार को शहर के बीच कलेक्टोरेट में, सांवलिया रुंडी और मलवासा में भी पक्षियों की मौत हुई। हालांकि, अधिकारी इनकार कर रहे हैं। अब तक यह तय नहीं हो सका है कि हमारे जिले में बर्ड फ्लू है या नहीं, क्योंकि, अब तक कोई भी सैंपल पॉजिटिव नहीं मिला है। या यूं कहें की रिपोर्ट नहीं मिली है।

## चिंता बढ़ी क्योंकि अब शहर में भी दम तोड़ने लगे परिंदे

**प्रवासी पक्षी का नाम चकवा (ब्राह्मणी डक)** - मलवासा में जिस पक्षी की मौत हुई है, वह प्रवासी पक्षी है। भास्कर ने बर्ड वॉचिंग ग्रुप के राजेश घोटिकर को यह तस्वीर भेजी। उन्होंने बताया ये डक है। इसका नाम चकवा (ब्राह्मणी डक) है।



**कलेक्टोरेट के सुलभ शौचालय के पास मृत मिला कौआ** - शनिवार को कलेक्ट्रेट क्षेत्र में एक कौवा मृत मिलने से हलचल रही। सुलभ शौचालय के पास यह कौवा मृत अवस्था में देखा गया। हालांकि, अधिकारी इसकी जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं। सांवलिया रुंडी में भी एक कौवा मृत दिखा। सांवलिया रुंडी का मामला अधिकारियों की जानकारी में है। कौवे की मौत किसी अन्य कारण से होना बताया जा रहा है।

**तालाब की पाल पर 3 कौओं की मौत** - मलवासा में शनिवार को बस स्टैंड के पास मृत पक्षी मिले। ग्रामीण टिकमसिंह शक्तावत ने बताया मेरे बालु रेत के गोदाम के पास दोपहर को मृत पक्षी मिला। शुक्रवार को तालाब की पाल पर भी 3 कौओं को मृत देखा गया था।

**मोहन नगर में तीन चमगादड़ मरे**- यहां शाम चार बजे बिजली लाइन पर तीन चमगादड़ मिलने से हड़कंप मच गया। निगम अमले ने हेकड़ी डालकर मृत चमगादड़ हटाए। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने बताया कि चमगादड़ों को पशु चिकित्सालय के अधिकारियों को सौंपा गया है।

**15 पोल्ट्री फॉर्म से लेंगे मुर्गियों के सैंपल, बर्ड फ्लू की तलाश** - इधर, जिले के पोल्ट्री फॉर्म संचालकों को समझाइश दे दी गई है। किसी भी बाहरी व्यक्ति के पोल्ट्री फॉर्म में प्रवेश पर रोक लगाने का कहा है। जिले के 15 पोल्ट्री फॉर्म से मुर्गियों के सैंपल भेजे जाएंगे।

**पक्षी की मौत की जानकारी नहीं है** -
• जिले में अभी बर्ड फ्लू जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है। सैंपल प्रक्रिया में है। शनिवार को किसी पक्षी की मौत की जानकारी नहीं है। पोल्ट्री फॉर्म में सभी को सजग कर दिया है। मुर्गियों के सैंपल भेजे जाएंगे।
**डॉ. डीके जैन,** उपसंचालक, पशु चिकित्सा विभाग

10-1-2021

# 23 पर किया जुर्माना

रतलाम. शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान अंतर्गत शनिवार को गंदगी करने पर 23 लोगों पर अर्थदंड लगाया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि धनजीबाई का नोहरा, बजाजखाना, हरदेवलाला की पीपली, नौलाईपुरा, आदि क्षेत्र में जुर्माना किया है।

**23 व्यक्तियों पर जुर्माना –** शनिवार को कचरा फैलाने वाले 23 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया।

10-1-2021

27 जनवरी को मुख्यमंत्री को रतलाम में देंगे प्रजेंटेशन, विधायक ने तैयारी को लेकर दिए सुझाव

# सात बिंदुओं पर बनेगा विकास का रोडमैप

रतलाम (नईदुनिया)। शहर विकास के लिए नई योजनाओं को लेकर अब काम तेज हो गया है। शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने आमजन की सुविधाओं को लेकर शहर विकास के रोडमैप को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक ली।

मालूम हो कि 27 जनवरी को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान रतलाम दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान मुख्यमंत्री को शहर विकास की योजनाओं की प्रगति व क्रियान्वयन संबंधी प्रजेंटेशन दिया जाएगा। शनिवार को बैठक में निगम अधिकारीयों ने अपने प्रजेंटेशन की तैयारी दिखाई। विधायक काश्यप ने विकास के कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विधायक काश्यप ने निगम अधिकारियों से शहर विकास के विभिन्न आयामो पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यो को बढ़ावा देने पर जोर दिया। निगम के प्रजेंटेशन के बाद कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक आयुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एससी व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एसपी आचार्य, श्याम सोनी, कपिल मारोठिया, मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद रहे।

> शहर विकास पर सुनियोजित काम हो, इसके लिए निगम अधिकारियों को सुझाव दिए हैं। मुख्यमंत्री के समक्ष दिए जाने वाले प्रजेंटेशन को अंतिम रूप कलेक्टर द्वारा दिया जाएगा।
> –चैतन्य काश्यप, विधायक, रतलाम शहर



निगम अधिकारियों के साथ प्रजेंटेशन देखते हुए विधायक चैतन्य काश्यप। • नईदुनिया 10-1-2021

## इन प्रमुख मुद्दों पर हो रही तैयारी

- स्ट्रीट वेंडरों के बैठने का स्थान: शहर में सड़क किनारे बैठकर सब्जी व अन्य सामग्री बेचने वालों को सुविधायुक्त स्थान देने के लिए शहर के तीन से चार प्रमुख क्षेत्रों में स्थल चयन कर इंतजाम करने की तैयारी है। इसमें व्यापार के व्यावहारिक नजरिये का ध्यान रखा जाएगा।
- झुग्गी मुक्त रतलाम : प्रधानमंत्री आवास योजना में बने आवास में हितग्राहियों को आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। झुग्गी में रहने वाले करीब 100 हितग्राहियों को आवास देने की तैयारी है। इसके साथ ही 96 एमआइजी फ्लैट विक्रय के लिए भी निगम ने निविदा जारी कर दी है।
- पार्किंग स्थल : शहर में प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर सर्वसुविधा युक्त पार्किंग स्थल तैयार किए जाएंगे। इससे बाजार में आने वालों को राहत मिलेगी।
- सड़क निर्माण : शहर में मिनी स्मार्ट सिटी योजना में 25 करोड़ रुपये की लागत से सड़कों व चौराहों का निर्माण किया जाना है। 16 करोड़ रुपये की लागत से न्यूरोड व प्रताप चौराहे से कॉन्वेंट तिराहे तक फोरलेन व टूलेन का निर्माण चल रहा है।
- अवैध कालोनियां : अवैध कॉलोनियों को वैध करने की दिशा में रतलाम को पूरे प्रदेश में रोल मॉडल मानकर काम किया गया है। वर्ष 2018 में कांग्रेस सरकार आने के बाद प्रक्रिया रुक गई थी। अब नए सिरे से तैयारी की जा रही है। शहर की 33 कॉलोनियों को पहले चरण में वैध किया गया था।
- स्वच्छ रतलाम : स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की रैंकिंग बेहतर रहे, इसके लिए अभी तक की तैयारियों, नवाचार व संसाधनों की स्थिति को लेकर अवगत कराया जाएगा।
- यातायात सुधार : शहर में ट्रैफिक सुधार को लेकर सर्वाधिक सुधार की जरूरत है। नगर निगम ने हाल ही में करीब 4 लाख रुपये की सामग्री खरीदी है। इसमें स्टॉपर, स्पीड ब्रेकर, जैकेट सहित अन्य संसाधन है, जो ट्रैफिक पुलिस को दिए जाएंगे।

# गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरो से सत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार आलीशान, अनुपम, अंकित, प्रवीण, मुकेश, विराली टेड्डर्स माणक चौक, सेवक शु स्टोर, एन.आई. शु स्टोर दिल बहार चौराहा पर 500-500, निखिल ऐजेन्सी, श्री साईनाथ ऐजेन्सी माणक चौक पर 300-300, अरिहन्त, मारूती इन्टर प्राईजेस माणक चौक, संगम मोबाईल स्टेशन रोड, जुबेर खान कृषि उपज मण्डी पर 250-250, श्रीपाल ऐजेन्सी माणक चौक, अकरम खान कृषि उपज मण्डी पर 200-200 व अनिल गोमे माणक चौक पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया।

## गंदगी फैलाने व अतिकक्रमण करने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रुम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। आलीशान, अनुपम, अंकित, प्रवीण, मुकेश, विराली ट्रेडर्स माणक चौक, सेवक शू स्टोर, एन.आई. शू स्टोर दिल बहार चौराहा पर 500-500, निखिल एजेन्सी, श्री साईनाथ एजेन्सी माणक चौक पर 300-300, अरिहन्त, मारुती इन्टर प्राईजेस माणक चौक, संगम मोबाईल स्टेशन रोड, जुबेर खान कृषि उपज मण्डी पर 250-250, श्रीपाल एजेन्सी माणक चौक, अकरम खान कृषि उपज मण्डी पर 200-200 व अनिल गोमे माणक चौक पर 100 रुपए का जुर्माना किया गया।

10-1-2021

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में निर्णय

# उत्कृष्ट स्कूल परिसर में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

## अवकाश या रात के समय असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगेगी रोक



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 10-1-2021

रतलाम. उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक शनिवार को उत्कृष्ट विद्यालय में समिति के चेयरमैन कलेक्टर गोपाल चंद्र डाड की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रखे गए ज्यादातर प्रस्तावों पर समिति ने निर्णय करते हुए अनुमोदित कर दिया है। खास बात यह है कि स्कूल परिसर में हाईपावर के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे जिससे अवकाश या रात के समय स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों की अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी। यही नहीं जरूरतमंद विद्यार्थियों को मोबाइल फोन भी उपलब्ध कराया जाएगा जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित नहीं हो सके।

प्राचार्य सुभाष कुमावत ने विद्यालय के भौतिक तथा शैक्षणिक विकास के लिए विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए। विचार विमर्श के पश्चात विद्यालय अधिकांश प्रस्तावों को कलेक्टर ने अनुमोदित कर दिया। विद्यालय में बनाई जाने वाली कंप्यूटर लैब में 25 कम्प्यूटर सिस्टम की स्थापना, विद्यालय के बाहरी मैदान में हाई पावर सीसी कैमरे लगवाने, जरूरतमंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोबाइल फोन प्रदान करने, मैदान में प्रकाश व्यवस्था करने के साथ साथ नगर निगम द्वारा बनवाई जा रही विद्यालय की बाउंड्री वाल के कार्य शीघ्र पूरा करने, विद्यालय के मैदान में बाहरी तत्वों के प्रवेश को प्रतिबन्धित करने के निर्देश भी जिलाधीश महोदय ने दिए। विद्यालय की उपलब्धियों की कलेक्टर ने सराहना की। इस अवसर पर राज्य प्रावीण्य सूची में आए तथा अन्य प्रतिभाशाली विद्यर्थियों का कलेक्टर ने प्रमाणपत्र और नगद राशि प्रदान कर सम्मान किया। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मोहन लाल आर्य, नगर निगम के प्रतिनिधि एमके जैन, सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण देवड़ा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से अनूप मिश्रा, लोकनिर्माण विभाग से दीपेश गुप्ता, विद्यालय पालक संघ की अध्यक्षा कविता व्यास, उपाध्यक्ष सुखलाल मुवेल, पूर्णिमा शर्मा, गिरीश सारस्वत, हरीश रत्नावत, गजेंद्र चाहर, ललित मेहता, रीना कोठारी, स्नेहलता भदौरिया, माया मौर्य, ताहिर अली, मनीष कुमार भी उपस्थित थे।

प्रस्ताव पारित | मैदान में लगेंगे हाई पावर के सीसीटीवी कैमरे

# उत्कृष्ट विद्यालय में 25 कंप्यूटर की लैब बनेगी

10-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक, समिति के चेयरमैन व कलेक्टर गोपालचंद्र डाड की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। संस्था प्राचार्य सुभाष कुमावत ने विद्यालय के भौतिक तथा शैक्षणिक विकास के लिए विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए। अधिकांश प्रस्तावों को कलेक्टर ने अनुमोदित कर दिया।



उत्कृष्ट विद्यालय में सम्मानित प्रतिभावान विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया

बैठक में प्रमुख रुप से विद्यालय में 25 कंप्यूटर की कंप्यूटर लैब की स्थापना का प्रस्ताव पारित हुआ। विद्यालय मैदान में हाईपावर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, जरूरत मंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोबाइल देने, मैदान में प्रकाश व्यवस्था, नगर निगम द्वारा बनवाई जा रही बाउंड्री वाल के कार्य को शीघ्र पूरा करने और मैदान में बाहरी तत्वों के प्रवेश को प्रतिबंधित करने के निर्देश कलेक्टर ने स्कूल प्रबंधन को दिए। प्रारंभ में प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कलेक्टर का स्वागत कर विद्यालय की उपलब्धियों व गतिविधियों का प्रतिवेदन पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बैठक में राज्य प्रावीण्य सूची में आए तथा अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कलेक्टर ने प्रमाणपत्र और नकद राशि देकर सम्मान किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मोहन लाल आर्य, नगर निगम के प्रतिनिधि एमके जैन, सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण देवड़ा, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से अनूप मिश्रा, लोकनिर्माण विभाग से दीपेश गुप्ता, विद्यालय पालक संघ की अध्यक्ष कविता व्यास, उपाध्यक्ष सुखलाल मुवेल, पूर्णिमा शर्मा, गिरीश सारस्वत, हरीश रत्नावत, ललित मेहता, रीना कोठारी, स्नेहलता भदौरिया, माया मौर्य, ताहिर अली, मनीष कुमार भी उपस्थित रहे।

नई दुनिया
10-1-2021

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 7 दिनांक 10-1 2021



# गंदगी फैलाने व अतिक्रमण करने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नही डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार आलीशान, अनुपम, अंकित, प्रवीण, मुकेश, विशाली टेऊडर्स माणक चौक, सेवक शू स्टोर, एन.आई. शू स्टोर दिल बहार चौराहा पर 500-500, निखिल ऐजेन्सी, श्री साईनाथ ऐजेन्सी माणक चौक पर 300-300, अरिहन्त, मारूती इन्टर प्राईजेस माणक चौक, संगम मोबाईल स्टेशन रोड, जुबेर खान कृषि उपज मण्डी पर 250-250, श्रीपाल एजेन्सी माणक चौक, अकरम खान कृषि उपज मण्डी पर 200-200 व अनिल गोमे माणक चौक पर 100 रूपये का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सोमवार तक भेजना है सीएम हाउस

# विधायक काश्यप से शहर विकास के रोडमैप पर निगम ने की चर्चा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 10-1-2021



रतलाम. नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने प्रस्तुत होने वाले शहर विकास के रोडमैप पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप से शनिवार को निगम के अधिकारियों ने चर्चा की। निगम अधिकारीयों ने अपने प्रेजेंटेशन की तैयारी दिखाई। विधायक काश्यप ने विकास के कई बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। निगम के प्रेजेंटेशन को बाद में कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचंद्र डाड के साथ देखकर अंतिम रूप दिया जाएगा। बता दें कि सोमवार तक सीएम हाउस को इसे निगम के अधिकारियों को भेजना है।

विधायक काश्यप ने निगम अधिकारियों से शहर विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए रोजगार मूलक कार्यों को बढ़ावा देने विशेषकर स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थान, झुग्गी मुक्त रतलाम के तहत प्रधानमंत्री आवास, पार्किंग स्थल, सड़क निर्माण, अवैध कालोनियों, स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार सहित अन्य कई विषयो पर सुझाव दिए। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सहायक आयुक्त विकास सोलंकी, सिटी इंजीनियर एससी व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री एसपी आचार्य, श्याम सोनी, कपिल मारोठिया, मनीष तिवारी एवं विकास मरकाम आदि मौजूद थे।

## शहर विकास का रोडमैप विधायक ने देखा, सुझाव देकर बदलाव का कहा

भास्कर 10-1-2021



रतलाम | 27 जनवरी को नगर निगम को शहर के विकास का पांच सालाना रोडमैप मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिखाना है। उसे अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को अफसरों ने प्रजेंटेशन की तैयारी विधायक चेतन्य काश्यप को दिखाई। विधायक ने इसमें रोजगार मूलक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए स्ट्रीट वेंडरों के बैठने के स्थान, झुग्गी मुक्त रतलाम, पार्किंग स्थल, सड़क निर्माण, अवैध कॉलोनियों, स्वच्छ रतलाम और यातायात सुधार के बिंदु शामिल हैं। प्रजेंटेशन कलेक्टर गोपालचंद्र डाड को दिखाकर फाइनल किया जाएगा। एसडीएम अभिषेक गेहलोत, आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि मौजूद रहे।

ह. [signature]
10-1-2021

## सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत हुई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 10-1-2021

रतलाम. शहर विधायक चैतन्य काश्यप के प्रयासों से वार्ड 29 में सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। प्रताप नगर में सीमेंट कॉन्क्रीट सड़क शिव मंदिर बगीचे के चारो तरफ, एक्टेंशन बगीचे से मैन रोड तक बनेगी। इस पर निगम निधि के 25 लाख के लगभग खर्च होंगे। इसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा, संघ के विभाग सह व्यवस्था प्रमुख वीरेंद्र वाफगावकर, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, पूर्व पार्षद सुशीला परमार ने किया। वार्ड संयोजक राधेश्याम मारू, प्रताप नगर अध्यक्ष विवेक कपूर, दिनेश सोलंकी उपस्थित थे।



## आनन्द कालोनी सड़क डामरीकरण की हुई शुरूआत

इन्दौर समाचार 10-1-2021

रतलाम। आनन्द कालोनी सड़क के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा ने पूर्व पार्षद श्रीमती सुशीला परमार व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती सुशीला परमार ने बताया कि आनन्द कालोनी सड़क के डामरीकरण का कार्य 6 लाख की लागत से किया जा रहा है कार्य पुरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। डामरीकरण कार्य प्रारंभ करवाये जाने पर श्रीमती परमार व क्षेत्रिय नागरिकों ने विधायक शहर चेतन्य काश्यप का आभार माना। इस अवसर पर भुपेन्द्र कावड़िया, मुबारिक खान, नितेश सोनी, विपिन श्रीमाल, राधेश्याम मारू, नीरज परमार, संजय पवांर, मोहम्मद जावेद, शाहिद मीर, डॉ. प्रताप, सुहाय चितले, पठान, सुनील राव, बलवीर राठोर आदि उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार
10-1-2021



## 25 लाख से बनेगी सडक,कार्यों का शुभारम्भ

नव-भारत 10-1-2021

रतलाम। शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से वार्ड 29 में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया गया। प्रताप नगर में सीमेंट कॉन्क्रीट सड़क शिव मंदिर बगीचे के चारो तरफ, एक्टेंशन बगीचे से मैन रोड तक बनेगी। इस पर निगम निधि के 25 लाख के लगभग खर्च होंगे।

निर्माण कार्य का भूमि पूजन भाजपा जिला अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, संघ के विभाग सह व्यवस्था प्रमुख वीरेंद्र वाफगावकर, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, पार्षद सुशीला परमार ने किया। इस दौरान मुबारिक शेरानी, नितेश सोनी, वार्ड संयोजक राधेश्याम मारू, प्रताप नगर अध्यक्ष विवेक कपूर, गोविंद उपाध्याय बंटी, परमानंद योगी, दिनेश सोलंकी, राजेन्द्र वाग्जी, नरेश चौरासी, रवींद्र पाठक, गिरिश जोशी, यतेंद्र सिंह, बलराम शर्मा, पीर सिंह, दीपक सेठिया मौजूद थे। संचालन श्री मारू ने किया व आभार कुशाभाऊ ठाकरे मंडल के महामंत्री राकेश परमार ने माना। इससे पहले वार्ड 29 में आनंद कॉलोनी की डामरीकृत सड़क के निर्माण का शुभारम्भ हुआ। इस पर 6 लाख रुपए खर्च होंगे। यंत्र पूजन मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, पूर्व पार्षद सुशीला परमार, उपाध्यक्ष भूपेंद्र कावड़िया, मुबारिक खान, मीडिया प्रभारी नितेश सोनी, कोषाध्यक्ष विपिन श्रीमाल वार्ड कार्यकर्ता, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष राधेश्याम मारू, महामंत्री नीरज परमार आदि द्वारा किया गया।

नव-भारत 10-1-2021

# स्वच्छता का शाब्दिक अर्थ स्वयं को गंदगी से दूर रखना

इन्दौर स. 10-1-21



रतलाम। एक प्रसिद्ध जापानी कहावत है, –सुंदरता प्रेम उत्पन्न करती है और, स्वच्छता सुंदरता को स्थायित्व प्रदान करती है। स्वच्छता का शाब्दिक अर्थ स्वयं को गंदगी से दूर रखना है। स्वयं से तात्पर्य - हम, हमारा शरीर, हमारा घर, हमारा आसपड़ोस और वृहत सन्दर्भ में - हमारा देश है।

हम सुधरेंगे, जग सुधरेगा अगर शहर का प्रत्येक नागरिक अपने हिस्से की गंदगी की जिम्मेदारी स्वयं ले तो सम्पूर्ण शहर से कचरे का नामोनिशान मिट जायेगा। बस इतना करना है की कचरे को सावधानी पूर्वक करके, कचरे वाली गाडी या फिर ढके हुए कचरा घरों में भेज देना है। यह हमारा देश है। इस देश की धरती की पवित्रता और शुचिता का दायित्व हमारा है। उक्त विचार सागोद रोड़ स्थित उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत तहत आयोजित जनजागरण के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर कल्पना राजपुरोहित, सरोज ओझा, रेवा जोशी, सुनीता छाजेड़, आशा चौधरी और श्रीमती पोरवाल आदि उपस्थित रहे। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है। रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ के निर्देशानुसार अब शहर के सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से शहर को साफ और सुंदर बनाए रखने की अपील की जा रही है। इस दौरान शुक्रवार को सफाई मित्र समूह की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर स्थित कचरा मुक्त स्थानों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पर रांगोली बना कर इन क्षेत्रों के रहवासियों को स्वच्छता की शपथ दिला कर दीप दान किया गया है। इस दौरान कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप के देखते हुए लोगों से आव्हान किया गया कि जब तक कोरोना का कारगर उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता है, ऐसे में हमे मास्क का उपयोग, दो गज की दूरी और हाथों को सेनेटाईज कर अपने जीवन को बचाना चाहिए।

## नगरीय निकायों में भी हो आयुष्मान का काम

पत्रिका–10-1-2021

रतलाम | आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा को दिलवाना है। जनपद पंचायत क्षेत्रों में जिस तरह काम किया जा रहा है, उसी तरह नगरीय निकायों में भी तेजी से काम हो। इसके लिए एसडीएम नगरपालिका अधिकारियों की बैठक लें और वार्डवार सूचियां बनाएं। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने समय सीमा पत्रों की बैठक में दिए।

**जिला स्तरीय बैठक** बैंक अधिकारियों को कलेक्टर ने दिए जल्द ऋण वितरण करने के निर्देश दिए

# स्ट्रीट वेंडर योजना के 500 प्रकरण विभिन्न बैंकों में अटके

10-1-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। पीएम स्वनिधि और स्ट्रीट वेंडर योजनाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजनाएं हैं। इनमें बैंकर प्रकरणों की स्वीकृति और वितरण में देरी नहीं करें। यह निर्देश कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने बैंकों के जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक में दिए। बैठक में जिला पंचायत संदीप केरकेट्टा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राकेश गर्ग, उपसंचालक कृषि जीएस मोहनिया तथा अन्य अधिकारी एवं बैंकर्स मौजूद थे।



कलेक्टोरेट सभागार में बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड। • नईदुनिया

बताया गया कि स्ट्रीट वेंडर शहरी योजना के तहत लगभग 6000 में से 4765 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। 4267 प्रकरणों में वितरण की कार्रवाई की गई है। करीब 500 प्रकरणों में बैंकों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कलेक्टर द्वारा सभी बैंकर्स को निर्देश दिए गए कि पेंडिंग प्रकरणों का निराकरण कर आगामी तीन दिवस में स्वीकृति की कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार ग्रामीण स्टेट वेंडर योजना में लगभग 5000 प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं। इनमें से 1983 प्रकरणों में स्वीकृति दी गई है। बताया गया कि 800 ऐसे प्रकरण हैं जिनमें स्वीकृति की कार्रवाई बैंकों द्वारा नहीं की गई। 339 प्रकरणों में स्वीकृति के बाद वितरण नहीं हुआ है। लेतलाली बरतने वाली बैंकों में इलाहाबाद बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तथा सेंट्रल बैंक सम्मिलित है।

**फसल बीमा का प्रीमियम लिया, कंपनी को नहीं दिया :** कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से योजना की विशेष रूप से मानीटरिंग की जाती है, वहां से प्रदेश में रेंडमली किसी भी हितग्राही को फोन लगाकर जानकारी ली जाती है। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर बताया गया कि कई बैंकों में प्रीमियम ले लिया गया, लेकिन कंपनी को नहीं पहुंचाया गया है। इस कारण से किसान को फसल बीमा का लाभ नहीं मिल पाया है। कलेक्टर ने कहा कि यह अपराध है, बैंक प्रबंधकों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की जानकारी में बताया गया कि उक्त योजना में डिजिटल ट्रेनिंग के लिए बैंकों से नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने हैं जिनको ट्रेनिंग दी जाएगी। नियुक्ति कार्य 29 जनवरी तक किया जाना है।

नई दुनिया
10-1-2021


संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर --- पृष्ठ ..1..... दिनांक ..10-1.......2021

# आंगन में रंगोली बनाकर महिलाओं ने भी दिया स्वच्छता का संदेश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज महालक्ष्मी महिला मंडल भी अपनी भागीदारी निभा रहा है। घर आंगन में रंगोली बनाकर सभी महिलाएं स्वच्छ भारत...स्वच्छ रतलाम स्वच्छता अभियान की शपथ भी ले रही हैं।

श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज की महिलाएं मंडल शहर को स्वच्छ बनाए जाने वाले अभियान में सहयोग करते हुए रंगोली बना रही हैं। रंगोली के माध्यम से वे शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दे रही हैं। साथ ही स्वच्छ भारत स्वच्छता अभियान की शपथ भी ले रहे हैं। अभियान में महालक्ष्मी महिला मंडल की रजनी व्यास, अनीता व्यास, संगीता व्यास, अलका व्यास, अर्चना जोशी, नीता व्यास, जया व्यास, मीता व्यास, मीना व्यास, मीनाक्षी शर्मा, आशा ओझा, कोकिला ओझा, प्रिया व्यास जुड़ी हुई हैं। समाज अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने नगर निगम के स्वच्छता अभियान में ना केवल समाज बल्कि शहरवासियों से स्वच्छता अभियान में अहम भूमिका निभाने का आह्वान किया।



रंगोली बनाकर स्वच्छता की शपथ लेते हुए समाजजन।